दिन–शुक्रवार दिनांक– 09 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश के चलते गंगा, कोसी, गंडक और बागमती नदी के जलस्तर में हो रही है वृद्धि। तटवर्ती इलाकों में फैला बाढ़ का पानी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का लिया जायजा। अधिकारियों को अलर्ट पर रहने का दिया निर्देश।

03. देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए देश में हर घर तिरंगा अभियान आज से शुरू। पंद्रह अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान।

04. और, सर्वोच्च न्यायालय ने नीट पीजी दो हजार चौबीस की परीक्षा ग्यारह अगस्त को नहीं कराये जाने से संबंधित याचिका को किया खारिज।

———————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश की अधिकांश नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट में खतरे के निशान छत्तीस सेंटीमीटर, हाथीदह में आठ सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। इसके चलते नीचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलता जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का आज जायजा लिया। श्री कुमार ने हालात को देखते हुये अधिकारियों को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया। बढ़ते जलस्तर को देखते हुये गंगा नदी के किनारे शनिवार और रविवार को होने वाली गंगा महाआरती को सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंगा नदी का पानी बढ़ने के कारण बंद कर दिया गया। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशिष रजंन।

बक्सर से हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

———बाईट———

गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। जलस्तर में चार सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वृद्धि हो रही है। वहीं, जिले में कर्मनाशा नदी का पानी फैलने से फसले डूब गई हैं। दियारा में नाव और गोताखोरों को अलर्ट मोड में रखा गया है। बिहार और यूपी को जोड़ने वाली सड़क पर पानी चढ़ जाने से लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। जिला प्रशासन ने बक्सर कोइलवर तटबंध की निगरानी का निर्देश दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए बक्सर से शशांक शेखर।

गोपालगंज में गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से तटवर्तीय इलाकों में कटाव रूक गया है। विशेष ब्यौरो के साथ हमारे संवाददाता।

———बाईट———

जिले के कुचायकोट प्रखण्ड के काला मटिहनिया में पिछले दिनों जलस्तर कम होते ही कटाव शुरू हो गया था जिसके बाद जल संसाधन विभाग की टीम ने बचाव कार्य शुरू कर दिया। जलस्तर बढ़ने के बाद कटाव रुक जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। जलसंसाधन विभाग के अभियंता सारण तटबंध की निगरानी कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए गोपालगंज से मधेश तिवारी।

सुपौल में कोसी नदी के जलस्तर में उतार–चढ़ाव जारी है। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि बाढ़ के कारण हजारों एकड़ में लगी फसल को नुकसान पहुंचा है।

———बाईट———

बाढ़ की वजह से लोगों ने पलायन करना शुरू कर दिया है। प्रभावित लोगों के बीच भोजन–पानी और पशु चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं, हजारों एकड़ में लगी धान की फसल भी बाढ़ में डूब गई है। लोगों की सुविधा के लिए पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर विभिन्न घाटों पर 25 नाव चलाया जा रहा है। इधर आज शाम 4 बजे तक भीम नगर कोसी बराज से 1 लाख 84 हजार क्यूसेक से अधिक पानी बढ़ते क्रम में छोड़ा गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

वहीं, भागलपुर के कहलगांव में भी गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर हो गया है। सोन नदी का जलस्तर पटना के मनेर में खतरे के निशान के आस–पास बनी हुई है। उधर, पुनपुन नदी का जलस्तर पटना के श्रीपालपुर में लाल निशान के पास बनी हुई है। बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में, कमला बलान मधुबनी के झंझारपुर में तथा परमान नदी अररिया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के ढेंगब्रिज, रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान को पार कर गया है। कोसी नदी खगड़िया के बलतारा में तथा कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से ऊपर बह रही है।

———————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज, भभुआ, बक्सर, रोहतास, मधुबनी और दरभंगा जिलों के एक या दो स्थानों में भारी बारिश की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले पांच दिनों तक राज्य में मॉनसून सक्रिय रहेगा।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नालंदा के नगरनौसा में सबसे अधिक छियानवे दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी है। वहीं, नालंदा के चंडी में

तेरासी दशमलव दो, किशनगंज के गलगलिया में अस्सी दशमलव चार और पटना के दानापुर में बहत्तर मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

---

लोकसभा और राज्यसभा में भाजपा के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के सांसदों ने आज संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इन सांसदों ने संयुक्त रूप से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण में क्रीमी लेयर व्यवस्था पर सर्वोच्च न्यायालय के सुझावों के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए भाजपा सांसद भोला सिंह ने कहा कि उनकी मांग है कि इस फैसले को लागू नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया है कि यह सिर्फ शीर्ष न्यायालय का एक सुझाव है।

---

भारतीय मानक ब्यूरो के महानिदेशक प्रमोद कुमार ने कहा कि आयुष क्षेत्र में मानकीकरण के लिए एक विभाग स्थापित किया जायेगा। इस विभाग में जानेमाने विशेषज्ञों के नेतृत्व में, आयुष विभाग के सात अनुभागीय समितियों को शामिल किया जायेगा। श्री कुमार ने कहा है कि यह विभाग आयुष उत्पादों और पद्धतियों की सुरक्षा, प्रभावकारिता और गुणवत्ता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

---

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी मठों, मंदिरों और ट्रस्ट का राज्य धार्मिक बोर्ड के अधीन निबंधन कराना अनिवार्य कर दिया है। विधि मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि इन धार्मिक संस्थाओं की अचल संपत्ति बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध होगी। विधि मंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निबंधन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया है।

---

देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए देश में हर घर तिरंगा अभियान आज से पंद्रह अगस्त तक चलाया जायेगा। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि वे घर पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें। इस दौरान देशभर में दो सौ से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और तेरह अगस्त को संसद सदस्य और मंत्री तिरंगा बाइक रैली निकालेंगे। हर घर तिरंगा अभियान वर्ष दो हजार बाईस में शुरू किया गया था।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी प्रोफ़ाइल फोटो तिरंगे में बदल ली। श्री मोदी ने एक संदेश में लोगों को हर घर तिरंगा अभियान को एक बार फिर यादगार जन आंदोलन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपनी सेल्फी साझा कर स्वतंत्रता का जश्न मनाने का आग्रह किया है।

———बाईट———

————————————————————————

राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के हिस्से के रूप में भारतीय जनता पार्टी ग्यारह से तेरह अगस्त तक प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन करेगी। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने एक वक्तव्य में बताया कि बारह से चौदह अगस्त तक सभी स्वतंत्रता सेनानियों और देश के सभी युद्ध स्मारकों पर पुष्पचक्र और पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

————————————————————————

भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महात्मा गांधी के नेतृत्व में आंदोलन में भाग लेने वाले सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने भारत छोड़ो आंदोलन को स्वाधीनता संग्राम में एक महत्वपूर्ण क्षण बताया है। इस अवसर पर एक वीडियो संदेश में अपने विचार साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि औपनिवेशिक शासन से स्वाधीनता के लिए भारत के संघर्ष में भारत छोड़ो आंदोलन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

———बाईट———

इसी आंदोलन में बिटिश राज से मुक्ति के लिए पूरे देश को संकलपित कर दिया है। यह वो समय था जब अंग्रेजी सत्ता के विरोध में भारतीय जनमानस गांव हो, शहर हो, पढ़े हो, अनपढ़ हो, गरीब हो, अमीर हो, कंधे से कंधा मिला करके भारत छोड़ो आंदोलन हिस्सा बने। इसी से प्रेरित होकर आज पूरा देश, हर बुराई के लिए कह रहा है क्विट इंडिया। चारों तरफ एक ही गूंज है, करप्शन क्विट इंडिया, डायनेस्टी क्विट इंडिया, अपीज़मेंट क्विट इंडिया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ के अवसर पर महात्मा गांधी और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

———बाईट———

भारत छोड़ो आंदोलन हमारे स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में सबसे निर्णायक क्षणों में से एक था। इस आंदोलन में देश का प्रत्येक व्यक्ति युवा, महिलाएं तथा हर वर्ग के लोगों ने एकजुट होकर भागीदारी की तथा अन्याय तथा अत्याचार की शक्तियों के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध की शक्ति को रेखांकित किया। इस अवसर पर हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, हमारे स्वतंत्रता संग्राम के सभी अमर शहीदों को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हैं।

————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज राष्ट्रीय पात्रता और प्रवेश परीक्षा – नीट पीजी 2024 की परीक्षा ग्यारह अगस्त को नहीं किये जाने से संबंधित याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि दो लाख छात्रों के भविष्य को खतरे में डालना अन्याय होगा। याचिका में तर्क दिया गया था कि परीक्षा के लिए निर्धारित शहर परीक्षार्थियों के लिए बहुत असुविधाजनक थे। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा ने कहा कि, सैद्धांतिक रूप से न्यायालय परीक्षा को पुनर्निर्धारित नहीं करेगा और न ही इतने सारे उम्मीदवारों के भविष्य को खतरे में डाल सकता है। गौरतलब है कि पहले इस परीक्षा की तिथि 23 जून 2024 तय थी। लेकिन बाद में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अन्य प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में अनियमितताओं की खबरों के कारण इसे स्थगित कर दिया था।

———————————————————————

मखाना उत्पादन में कटिहार जिले ने विश्व स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। राज्य सरकार के उद्यान निदेशालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कटिहार जिला बारह हजार नौ सौ मीट्रिक टन मखाना के उत्पादन के साथ सूची में पहले स्थान पर है। वही, पूर्णियां जिला ग्यारह हजार छह सौ बावन मीट्रिक टन मखाना उत्पादन के साथ दूसरे, जबकि दरभंगा जिला तीसरे स्थान और मधबुनी जिला मखाना उत्पादन में चौथे स्थान पर हैं।

———————————————————————

गोपालगंज पुलिस ने पचास हजार रुपये के ईनामी अपराधी संजय सिंह उर्फ बनरी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी पर नगर थाना क्षेत्र के बसडीला में होमगार्ड जवान हत्याकांड सहित आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है।

———————————————————————

बांका जिला अन्तर्गत रजौन थाना क्षेत्र के चिलकावर गांव में शौचालय की टंकी में गिरने से एक छह वर्षीय बालक की मौत हो गई।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश के चलते गंगा, कोसी, गंडक और बागमती नदी के जलस्तर में हो रही है वृद्धि। तटवर्ती इलाकों में फैला बाढ़ का पानी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का लिया जायजा। अधिकारियों को अलर्ट पर रहने का दिया निर्देश।

03. देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए देश में हर घर तिरंगा अभियान आज से शुरू। पंद्रह अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान।

04. और, सर्वोच्च न्यायालय ने नीट पीजी दो हजार चौबीस की परीक्षा ग्यारह अगस्त को नहीं कराये जाने से संबंधित याचिका को किया खारिज।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।